प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

0000

किसान निधि योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि देश के 9 करोड़ 80 लाख किसानों के खातों में लगभग 22 हजार करोड़ रूपए सीधे भेजे जाएंगे। प्रदेश के करीब 9 लाख 90 हजार किसानों को ये किश्त जारी की जाएगी।

इस दौरान प्रधानमंत्री कई योजनाओं की शुरूआत भी करेंगे। इस योजना के माध्यम से भूमिधारक किसानों को तीन समान किस्तों में सालाना छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। देश भर के 7 सौ 31 कृषि विज्ञान केंद्रों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें लगभग ढाई करोड़ किसान कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

फास्टैग सुविधा

राज्य सरकार प्रदेश के सभी 55 टोल बैरियरों पर फास्टैग आधारित प्रवेश कर संग्रह सुविधा शुरू करने जा रही है। पहले चरण में 6 एंट्री टैक्स बैरियर्स पर ये सुविधा शुरू की जाएगी। और अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता योगराज शर्मा

समस्या

चम्बा ज़िले की जनजातीय पांगी घाटी की शौर, पुर्थी और रेई पंचायतों में पिछले करीब एक सप्ताह से बी.एस.एन.एल. टावर ठप होने और बिजली गुल होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शौर पंचायत के उपप्रधान निहाल सिंह भारद्वाज और वार्ड सदस्य लेखराम शर्मा ने सरकार व पांगी प्रशासन से जल्द इन समस्याओं के समाधान का आग्रह किया है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आम तौर पर साफ है। कल लाहौल स्पिति जिले के ताबो में प्रदेश में सबसे कम तापमान माइनस 7 दशमलव शून्य डिग्री सेल्सियस जबकि शिमला का न्यूनतम तापमान 5 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते कल से आगामी पांच दिनों तक प्रदेश में बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है। वहीं 27 व 28 फरवरी को कुछ स्थानों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

अमर उजाला के शब्द हैं हिमाचल में अब नए सिरे से तय होंगे जिला परिषद वार्ड, ब्लॉक के दायरे में ही रहेंगी हदें।

दैनिक भास्कर के अनुसार बागवानी विभाग तैयार करेगा अपना बगीचा, विदेशी पौधों की नर्सरी तैयार कर सस्ते दामों पर बेचेगा।

दैनिक जागरण ने लिखा है निजी स्कूलों ने शिक्षा बोर्ड की किताबें नहीं पढ़ाई तो होगी कार्रवाई।

मौसम से जुड़ी खबर को पंजाब केसरी ने शीर्षक दिया है आज रात्रि से करवट बदलेगा मौसम, 1 मार्च तक बर्फबारी व वर्षा का अलर्ट।

दिव्य हिमाचल का कहना है पाक बार्डर से पकड़ा चिट्टा तस्कर, शिमला पुलिस की बड़ी कामयाबी।